देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 120 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...भगवान की नगरी



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 8 अगस्त 2020



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 25.0° | 38040.57 | 2 महिंदा राजपक्षे को भारी बहुमत | 7 आईपीएल की तैयारियों में जुटे धोनी

## संक्षिप्त समाचार

### कोई एजेंडा नहीं, सीधे करूंगा बात: मनोज सिन्हा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में शांति और स्थिरता पर जोर देते हुए नव नियुक्त उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि प्रशासन अनिश्चितता की स्थिति और आतंकवाद को खत्म करने के लिए लोगों के साथ जल्द ही सीधा संवाद शुरू करेगा। केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल की शपथ लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सिन्हा ने 5 अगस्त को जम्मू कश्मीर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन बताया। मीडिया से बात करते हुए मनोज सिन्हा ने कहा कि कई वर्षों तक अलग-थलग रहने के बाद जम्मू कश्मीर मुख्यधारा में शामिल हो गया है।

### केरल में भारी बारिश से भूस्खलन, 9 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
तिरुवन्तमपुरम। केरल में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गई हैं। भारी बारिश के चलते राज्य में भूस्खलन के कारण अब तक नौ लोगों के शव बरामद किए गए हैं। अभी 57 लोगों के और दबे होने की आशंका जताई जा रही है। राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है, अभी तक 10 लोगों को बचा लिया गया है। केरल के सीएम पिनराई विजयन ने कहा कि इडुक्की के राजमाला में भूस्खलन पीड़ितों को बचाने के लिए एनडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

### भाजपा का कांग्रेस पर करारा वार, कहा- सुको भी हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को एक पीआइएल पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कांग्रेस पर करारा हमला बोला। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि साल 2008 में कांग्रेस और चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी के बीच साइन हुए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर सुप्रीम कोर्ट तक हैरान है। सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। नड्डा ने ट्वीट किया, सुप्रीम कोर्ट भी कांग्रेस पार्टी और चीनी सरकार के बीच हुए समझौते से हैरान है।

# छात्रों की भूमिका तय करेगी नई नीति

## प्रधानमंत्री मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर पैदा रहे उलझनों पर स्थिति स्पष्ट की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 21वीं सदी के भारत की नींव तैयार करने वाली है। उन्होंने एनईपी पर कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति का औचित्य बताया और कहा कि हर देश खुद को भविष्य की मांग के अनुरूप तैयार करता है और इस तैयारी में वहां के एजुकेशन सिस्टम की बड़ी भूमिका होती है। पीएम ने नई शिक्षा नीति को लेकर माता-पिता से लेकर शिक्षकों तक के मन में उठ रहे सवालों के जवाब दिए।

**नई शिक्षा नीति की जरूरत क्यों?** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक वैश्विक मूल्यों पर खरा उतारने में सक्षम है। पीएम ने कहा, हमारे एजुकेशन सिस्टम में लंबे समय से बड़े बदलाव नहीं हुए थे। परिणाम यह

■भेड़चाल को प्रोत्साहन मिलने लगा थाः मोदी

हुआ कि हमारे समाज में उत्सुकता और कल्पना के मूल्यों को बढ़ावा देने के बजाय भेड़चाल को प्रोत्साहन मिलने लगा। कभी डॉक्टर, कभी वकील, कभी इंजिनियर बनाने की होड़ लगी। दिलचस्पी, क्षमता और मांग की मैपिंग के बिना इस होड़ से छात्रों को बाहर निकालना जरूरी था।

**5वीं कक्षा तक मातृभाषा में पढ़ाई क्यों?:** प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चे अगर मातृभाषा पढ़ें तो उनमें सीखने की गति तेज हो जाती है। यह एक बहुत बड़ी वजह है, जिसकी वजह से जहां तक संभव हो पांचवीं क्लास तक बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाने पर सहमति दी गई है। इससे बच्चों की नींव तो मजबूत होगी

### नए बदलावों को जमीन पर उतारने को प्रतिबद्धः मोदी



पीएम ने कहा, जहां पॉलिटिकल विल की जरूरत है, मैं पूरी तरह आपके साथ हूं। उन्होंने कहा, हर देश अपनी शिक्षा व्यस्था को अपने देश के संस्कारों को जोड़ते हुए आगे बढ़ता है। भारत की नैशनल एजुकेशन पॉलिसी का आधार भी यही सोच है। शिक्षा नीति 21वीं सदी के भारत की बुनियाद तैयार करेगी। युवाओं को जिस तरह के एजुकेशन की जरूर है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इन बातों पर विशेष फोकस है।

है, उनके आगे की पढ़ाई के लिए भी उनका बेस और मजबूत होगा।

**10+2 को हटकर 5+3+3+4 सिस्टम क्यों?:** प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बच्चों को सीखने के लिए इन्क्वायरी बेस्ड, डिस्कवरी बेस्ड, डिस्कशन बेस्ड और अनैलसिस बेस्ड तरीकों से पढ़ाई के लिए प्रेरित किया जाए।

**किसी कोर्स में एंट्री-एग्जिट की इतनी छूट क्यों?:** पीएम ने कहा कि हर विद्यार्थी को यह अवसर मिलना ही चाहिए कि वो अपने पैशन फॉलो करे। वो अपनी सुविधा और जरूरत के हिसाब से कोई डिग्री ले सके या कोर्स कर सके और अगर उसका मन करे तो वो छोड़ भी सके।

### पहले वॉट टु थिंक अब हाउ टु थिंक

पीएम ने आगे कहा कि जमाना क्या सोचना है से कैसे सोचना है कि तरफ बढ़ गया है। मोदी ने कहा, अभी तक हमारी शिक्षा व्यवस्था में वट टु थिंक पर फोकस रहा है जबकि इस शिक्षा नीति में हाउ टु थिंकश पर बल दिया जा रहा है। आज सूचनाओं की बाढ़ है। हर जानकारी मोबाइल पर भरी पड़ी है। ऐसे में यह जरूरी है कि कौन सी जानकारी हासिल करनी है और क्या पढ़ना है।

**नई शिक्षा नीति का शिक्षकों के जीवन पर क्या असर?** एक प्रयास ये भी है कि भारत का जो टैलेंट है, वो भारत में ही रहकर आने वाली पीढ़ियों का विकास करे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में टीचर पर बहुत जोर है, वो अपनी स्किल्स लगातार अपडेट करते रहें, इस पर बहुत जोर है।

# रिया चक्रवर्ती नहीं कर रहीं जांच में सहयोग

## श्रुति मोदी और सिद्धार्थ पिठानी से भी पूछताछ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत के मामले में रिया चक्रती अपने भाई शौविक चक्रवर्ती के साथ बयान दर्ज कराने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ऑफिस पहुंची थी। ऐसी खबर आ रही है कि रिया जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। वह ईडी के सवालों के सही जवाब नही दे रही हैं और उनका कहना है कि उन्हें डिटेल्स याद नहीं हैं। रिया से 5 साल का इनकम टैक्स रिटर्न दिखाने को कहा गया है।

**जरूरी कागजात लेने गए थे शौविक चक्रवर्तीः** शौविक चक्रवर्ती सुबह पहुंचने के दो घंटे बाद ईडी दफ्तर से बाहर नक्लिल गए थे। वह दोबारा ईडी दफ्तर पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने शौविक से कुछ दस्तावेज मांगे हैं। वह वही कागाजत लेने गए थे।

**रिया से तीन चरणों में होगी**



**पूछताछः** रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईडी रिया से 3 चरणों में पूछताछ करेगा और सवालों की लंबी लिस्ट तैयार है। ईडी ने सुशांत की पूर्व बिजनस मैनेजर श्रुति मोदी को भी हाजिर होने कहा था। वह भी ईडी दफ्तर पहुंची थीं। जबकि सुशांत के फ्लैटमेट सिद्धार्थ पिठानी को भी 8 अगस्त को बुलाया गया है।

**रिया चक्रवर्ती के वकील ने मांगी थी मोहलतः** इससे पहले रिया चक्रवर्ती के वकील ने बयान जारी कर मोहलत मांगी थी, लेकिन ईडी के सख्त रवैये के आगे उनकी नहीं चली।

**मनी लॉन्ड्रिंग ऐंगल से हो रही जांचः** बता दें कि सुशांत के पिता केके सिंह ने एफआईआर में पैसों के हेरफेर की बात भी लिखी थी। रिया चक्रवर्ती की 2018-19 की इनकम लगभग 14 लाख है जबकि उनकी 2 बड़ी प्रॉपर्टीज नजर में आई हैं। सुशांत के फ्लैटमेट सिद्धार्थ पिठानी को भी 8 अगस्त को बुलाया गया है।

# भारत में कोरोना के रेकॉर्ड मामले, 20 लाख पार केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। पिछले 9 दिनों से लगातार 50 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे के भीतर पहली बार कोविड-19 के 60,000 से अधिक मामले सामने आने के साथ ही शुक्रवार को देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 20 लाख को पार कर गई। वहीं, इस बीमारी से उबरने वाले मरीजों की संख्या 13.78 लाख हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

**लगातार नौवें दिन ५० हजार से ज्यादा नए मरीज**
महज दो दिन पहले ही कोरोना वायरस के मामलों का आंकड़ा 19 लाख के पार पहुंचा था। देश में कोविड-19 के मामलों को एक लाख तक पहुंचने में 110 दिन का वक्त लगा था और 59 दिन में यह आंकड़ा 10 लाख के पार चला गया। इसके बाद संक्रमण के मामलों को 20 लाख का आंकड़ा पार करने में महज 21 दिन का वक्त लगा।

### कोरोना अपडेट

**पिछले 24 घंटे में 886 की मौत**

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार एक दिन में कोविड-19 के 62,538 मामले आने से संक्रमण के कुल मामले 20,27,074 पर पहुंच गए। बीते 24 घंटे में 886 और लोगों के इस जानलेवा बीमारी से दम तोड़ने से मृतकों की कुल संख्या 41,585 हो गई है। साथ ही इस दौरान कोरोना वायरस संक्रमण से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर शुक्रवार को 13,78,105 हो गई।

यह लगातार नौवां दिन है जब कोविड-19 के एक दिन में 50,000 से अधिक मामले सामने आए हैं।

**कोरोना से मौतों में आई कमी**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में फिलहाल 6,07,384 मरीजों का इलाज किया जा रहा है। मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 29.96 प्रतिशत है। मरने वाले लोगों की दर गिरकर 2.07 प्रतिशत रह गई है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रायपुर, दून में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, उत्तराखण्ड के लोकार्पण के अवसर पर मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि 2017 में सरकार बनने के बाद से ही हमने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी। सचिवालय एवं मुख्यमंत्री कार्यालय को हमने भ्रष्ट

सचिवालय एवं मुख्यमंत्री कार्यालय को हमने भ्रष्ट व माफिया तत्वों से मुक्त किया

व माफिया तत्वों से मुक्त किया है। कार्यों की पारदर्शिता के लिए कार्यों का ऑडिट होना जरूरी है। आवश्यकता पड़ने पर थर्ड पार्टी ऑडिट होना चाहिए। सरकार के प्रति जनता का विश्वास होना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चावल घोटाले का जो मसला है, वह वर्ष 2016-17 की तत्कालीन सरकार के समय का मामला है। भाजपा सरकार बनने के बाद हमने इस मामले की जांच करवाई। आज गरीबों को जो राशन मिल रही है, वह उच्च गुणवत्ता की राशन है। लोक सेवा आयोग से पीएस की भर्ती के लिए प्रक्रिया चल रही है।

विस्तृत खबर पेज 3 पर...